# न्यू यार्क सिटि डिपार्टमेन्ट आफ हेल्थ मेन्टल हायजीन

**ब्रोन्क्स तथा स्टाटेन आइलेन्ड**

**मोरिरसानिआ चेस्ट सेंटर** 1309 फाल्टन एवन्यू, रूम 225, ब्रोन्क्स
**फ़ोन** 718-901-6536 / 718-901-6538

**रिचमन्ड चेस्ट सेंटर** 51 स्टुयवेसन्ट प्लेस, रूम 408, स्टाटेन आइलेन्ड
**फ़ोन** 718-983-4525 / 718-983-4526

**ब्रूकलीन**

**बेडफ़ोर्ड चेस्ट सेंटर** 485 थ्रूप एवन्यू
**फ़ोन** 718-574-2462 / 718-574-2463

**ब्राउन्सविले चेस्ट सेंटर** 259 ब्रिस्टल स्ट्रीट
**फ़ोन** 718-495-7258 / 718-495-7256

**बुशवीक चेस्ट सेंटर** 335 सेंट्रल एवन्यू
**फ़ोन** 718-573-4886 / 718-573-4889

**फोर्ट ग्रीन चेस्ट सेंटर** 295 फ्लेटबुश एवन्यू एक्सटेन्सन
**फ़ोन** 718-643-4808 / 718-643-2601/3319

**मेनहट्टन**

**चाल्सिआ चेस्ट सेंटर** 303 नाइन्थ एवन्यू
**फ़ोन** 212-239-0919 / 212-239-1757

**वॉशिंगटन हाइटस चेस्ट सेंटर** 600 वेस्ट 168 स्ट्रीट, तीसरा मजला
**फ़ोन** 212-368-4500

**क्वीन्स**

**करोना चेस्ट सेंटर** 34-33 जंक्शन बुलवर्ड
**फ़ोन** 718-476-7635 / 718-476-7636

**फार रोकअवे चेस्ट सेंटर** 67-10 रोकअवे बीच बुलवड, रूम 201
**फ़ोन** 718-474-2100 / 718-474-2101

| मेरा चेस्ट सेंटर | |
|---|---|
| फ़ोन: | |
| पता: | |
| समय: | |
| अन्य जानकारी: | |

न्यूयार्क सिटि डिपार्टमेन्ट आफ हैल्थ टयूबरक्युलोसिस कंट्रोल प्रोग्राम (क्षय रोग नियंत्रण कार्यश्र्म)
टीबी के बारे में अधिक जानकारी के लिए **(212) 442-9968** नंबर पर फोन करें

10/02



**New York City Department of Health & Mental Hygiene**
**न्यू यार्क सिटि डिपार्टमेन्ट आफ हेल्थ (न्यू यार्क शहर स्वास्थ्य विभाग)**
**ब्योरो आफ टयूबरक्युलोसिस कंट्रोल (क्षय रोग नियन्त्रण कार्यालय)**





# टीबी के साथ संपर्क

# टीबी के साथ संपर्क: आपको क्या जानना आवश्यक है



## टीबी (क्षय रोग) क्या है ?

टीबी (टयूबरक्युलोसिस) एक गंभीर बीमारी है जो फेफडों को क्षति पहुंचाती है। ळेकिन टीबी उपचार से रोकी जा सकती है। टीबी का निदान (इलाज) भी हो सकता है।

## टीबी के जीवाणु कैसे फैलते हैं ?

टीबी के कीटाणु हवा के माध्यम से फैलते हैं। यदि आप टीबी रोगी के साथ अधिक समय बिताते हैं, तो साँस के साथ टीबी के कीटाणु आपके अंदर जा सकते हैं। यह तव होता है जब व्यक्ति खाँसता है, छींकता है, बोलता है, अथवा हँसता है।

टीबी के कीटाणु केवल हवा के माध्यम से फैलते है। वे हाथ मिलाने से या टायलेट सीट पर बैठने से नहीं फैलते। टीबी के कीटाणुओं को आपके शरीर में प्रवेश करने के लिए उन्हें आपकी साँस के साथ अन्दर जाना चाहिए।

## टीबी के दो प्रकार हैं :

### लेटन्ट टीबी

पहली बार सांस द्वारा शरीर मे टीबी के कीटाणु प्रवेश करने पर, आपका शरीर उनके चारों ओर एक दीवार सी खडी कर उनसे आपकी रक्षा करता है। इससे कीटाणु दब जाते है यानि सुप्तावस्था मे पहुंच जाते हैं। उसे लेटन्ट टीबी या सुप्त टीबी कहते हैं।लेटन्ट टीबी मे कीटाणु लम्बे समय तक जीवनपर्यन्त सोए रहते हैं।सुप्त टीबी होने पर आप बीमारी महसूस नहीं करेंगे और दूसरे लोगों को टीबी नहीं फैला सकते।

### एक्टिव टीबी

लेकिन कई बार टीबी के कीटाणु सकिय हो उठते हैं यानि जाग जाते है जिनसे शरीर आपकी रक्षा नहीं कर सकता। ऐसा होने पर आपको एक्टिव टीबी रोग हो सकता है जिसके कारण आप काफी बीमार हो सकते है, तथा अन्य लोगों में रोग फैला सकते हैं।

## यदि मैने जिसे टीबी हुआ हो ऐसे व्यक्ति के साथ समय गुजारा हो तो क्या होगा?

यदि आपने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ लम्बा समय गुजारा हो कि जिसे एक्टिव टीबी है, तो शायद आपने साँस में टीबी के किटाणु लिए होंगे। आपको टीबी का त्वचा परीक्षण (स्कीन टेस्ट) करा लेना चाहिए। इसके अलावा यदि आप ऐसे व्यक्ति के सम्पर्क मे है जिसे एक्टिव टीबी है तब भी आपको जांच करवानी चाहिए। आपके शरीर में टीबी के किटाणु है कि नहीं यह जाँचने के लिए त्वचा परीक्षण सबसे सरल तरीका है।

यदि यह जाँच " नेगेटिव " है, तो सम्भवत: आपके शरीर में टीबी कीटाणु नहीं है। यदि जाँच " पोजिटिव " है तो आपके शरीर में टीबी कीटाणु हैं। यह जानने के लिए कि आपको सुप्त टीबी है या क्रियाशील टीबी आपको छाती के एक्सरे और डाक्टरी जांच की आवश्यकता होगी।

## यदि मुझे बीसीजी का टीका लगा हुआ है, तो?

बीसीजी का टीका प्रायः लोगों की टीबी से रक्षा नहीं करता। आपको फिर भी सुप्त टीबी अथवा क्रियाशील टीबी हो सकती है। भले ही आपने बीसीजी लगवाया हुआ हो तो भी आपको टीबी त्वचा परीक्षण कराने की आवश्यकता है।

## यदि मुझे क्रियाशील टीबी है तो क्या मुझे इलाज की आवश्यकता है?

हाँ। क्रियाशील टीबी दवाओं से ठीक हो सकता है। यदि आपको क्रियाशील टीबी है तो आपको अपनी दवा कम से कम छः माह तक अवश्य लेनी चाहीए।

# टीबी रोकी जा सकती है

## यदि मुझे सुप्त टीबी है तो क्या मुझे इलाज की आवश्यकता है?

हाँ। यदि आपको सुप्त टीबी है, तो कीटाणु आपके शरीर में ही है। आप खुद को बीमार नहीं महसूस करते हैं क्योंकि कीटाणु सो रहे है। यदि कीटाणु जाग जाते है, तो आपको क्रियाशील टीबी होगा। आप बहुत बीमार हो सकते हैं। सुप्त टीबी की दवा कीटाणुओं को जागने से पहले मार देती है।

यदि पिछले 2 सालों के दौरान आपको सुप्त टीबी हुआ है, तो इलाज बहुत आवश्यक है।

## सुप्त टीबी के लिए क्या इलाज है?

सुप्त टीबी के लिए कई दवाएं उपलब्ध है। कौनसी दवा आपके लिए उचित है वह आपके डॉक्टर तय करेंगे। इलाज 2 मास से 9 मास तक चल सकता है। यह महत्त्वपूर्ण है कि आप अपना इलाज पूर्ण करें।

## यदि मुझे सुप्त टीबी है तो क्या मैं अपने कुटुम्ब एवं मित्रो के साथ समय गुजार सकता हुँ ?

हाँ। यदि आपको सुप्त टीबी है, तो आप टीबी फैला नही सकते। आप काम कर सकते हैं तथा स्कूल जा सकते हैं।

## क्या मुझे नियमित जाँच करानी पडेगी?

हाँ। यदि सुप्त टीबी के लिए आपका इलाज हो रहा हैं तो आपको ,

- ✔ आपकी दवाई लेने
- ✔ दवा का कोई दुष्परिणाम नहीं हुआ है यह जाँचने
- ✔ आपको कोई प्रश्न पूछने है तो वह पूछने

क्लिनिक में आना जरूरी है।

## क्या स्वास्थ्य विभाग मेरी सहायता कर सकता है?

हाँ। हमारी 10 क्लिनिक हैं जो बहुत सी टीबी सेवाएं प्रदान करती हैं।

हमारी क्लिनिक पर आपको स्वास्थ्य बीमा की आवश्यकता नहीं है। सभी सेवाएं नि:शुल्क हैं। आपको इमिग्रेशन के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। कोई उसके (स्टेटस) बारे में नहीं पूछेगा। हमारी क्लिनिक उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करती हैं। हमारे कर्मचारी कई भाषाएं बोल सकते हैं। हम आपके टीबी संबंधी प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। हम टीबी रोक सकते हैं।